हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, सोमवार 8 अप्रैल 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट


तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री


10 आसमान में छाए बादलों ने दिलाई गर्मी से राहत, हल्की वर्षा के आसार





08 पीएससी पेंड्रावन में गायब मिले फार्मासिस्ट...




## खबर संक्षेप

### 5 साल के साकिब ने रखा पहला रोजा



**बेमेतरा।** रमजान-उल-मुबारक का पवित्र महीना चल रहा हैं। रहमतों व बरकतों से भरपूर इस महीने में जहां बड़ों ने रोजा रखकर शाम को इफ्तार की तो वहीं भीषण गर्मी में नन्हे-मुन्ने बच्चे भी पीछे नहीं रहे। बच्चों में भी रमजान को लेकर गजब का उत्साह देखा गया। बच्चों ने भी धूप और भीषण गर्मी में रोजा रख कर अल्लाह की इबादत की। जिसमें बेमेतरा निवासी आकिब मलकानी के बेटे साकिब मलकानी 5 वर्ष ने भी रमजान का पहला रोजा रखा। पहला रोजा रखने पर रोजेदार के घर में खुशी का माहौल रहा। परिवार के सभी सदस्यों ने बच्चे को हार पहना कर उसका इस्तकबाल किया और पहले रोजे पर घर में खास पकवान तैयार किए गए।

### 102 पाव शराब के साथ युवक गिरफ्तार



**बेमेतरा।** आबकारी विभाग वृत्त नवागढ़ ने 18.3 बल्कलीटर 102 नग विदेशी मदिरा शराब जब्त करते हुए आरोपी नरोत्तम साहू पिता राम भरोसे साहू के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। जिला आबकारी अधिकारी नितिन खण्डूजा ने आमजनों से अपील करते हुए कहा कि अवैध मदिरा संग्रहण एवं बेचने के संबध में शिकायत के लिए कार्यालय आबकारी उपनिरीक्षक बेमेतरा के दूरभाष नं. 9821092076 पर संपर्क करके शिकायत दर्ज करा सकते है। कलेक्टर रणबीर शर्मा के निर्देशन एवं जिला आबकारी अधिकारी सीआर साहू के मार्गदर्शन में 5 अप्रैल को आबकारी विभाग जिला बेमेतरा द्वारा रवेली मालदा मार्ग, थाना नांदघाट में आरोपी नरोत्तम साहू को संदिग्धता के आधार पर रोका तथा तलाशी लिया। इस पर आरोपी के कब्जे से 102नग पाव विदेशी मदिरा गोल्डन गोवा जब्त कियया गया था।

### पति ने पत्नी को पीटा, मामला दर्ज

**बालोद।** पत्नी ने अपने पति से दूसरी महिला के साथ अवैध संबंध को लेकर पूछताछ की तो पति ने गुस्से में आकर अपनी पत्नी से मारपीट शुरू कर दी। मारपीट की घटना के बाद महिला ने अपने पति के खिलाफ देवरी थाना में शिकायत की है। ग्राम सुरसुली नर्मदा धाम गेट निवासी महिला ने बताया कि 3 अप्रैल को रात करीब 9 बजे अपने पति झनक लाल साहू को दूसरी औरत के साथ संबंध होने की बात करने पर पति ने घर के सामने ही मारपीट की। मारपीट करने से महिला के पेट में चोट आयी है। पुलिस ने पति के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# दीप जलाकर दिया मतदान करने का संदेश, नवमतदाताओं व बुजुर्गों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

पूरे ज़िले में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों कर लोकसभा निर्वाचन-2024 में मतदाताओं को मतदान करने जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को विकासखंड मुख्यालय बेरला के गोठान चौक पर मड़ई मेला जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।

दीपोत्सव कार्यक्रम भी आयोजित हुआ। एसडीम पिंकी मनहर ने लोगों को मतदान की शपथ दिलाई। नव मतदाता नवविवाहित मतदाताओं के साथ में बुजुर्गों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। उन्होंने हस्ताक्षर अभियान और सेल्फी जोन में सेल्फ़ी ली। विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम के ज़रिए मतदाताओं को जागरूक किया गया। राउत नाचा का प्रदर्शन ग्रुप डांस में भारत हूं भारत है मुझ में के साथ सोलो सॉन्ग की रोचक प्रस्तुति दी गयी। इसके साथ ही स्कूली बच्चों ने रंगोली बनाकर लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया।

इससे पहले पिछले माह ज़िला मुख्यालय बेमेतरा में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में कलेक्टर रणबीर शर्मा, पुलिस पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू, मुख्य कार्यपालन अधिकारी ज़िला पंचायत टेकचन्द्र अग्रवाल सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी ने स्थानीय स्कूल और कॉलेज के विद्यार्थियों को भी शामिल हुए। इस रैली में विभिन्न जानकारियों को साझा किया गया और मतदान के महत्व को बढ़ावा दिया गया। सायकल रैली मुख्य चौक-चौराहों से होकर गुजरी और बेसिक स्कूल मैदान में समाप्त हुई थी।

## बेरला के गौठान चौक पर मतदाता जागरुकता के लिए हुआ मड़ई-मेला कार्यक्रम



### गुब्बारे से दिया जा रहा संदेश

वहीं, मतदाता जागरूकता और इसके संदेश को पहुंचाने के लिए अनेक नए-नए माध्यम अपनाए जा रहे हैं। इसी क्रम में बेलून (गैस का ग़ुब्बारा) एक अद्बितीय और प्रभावी माध्यम साबित हो रहा है। बेलून (गैस का ग़ुब्बारा) के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। कलेक्टर कार्यालय परिसर एवं जिला मुख्यालय के बेसिक मैदान मे बेलून (गैस का ग़ुब्बारा) के माध्यम से स्वीप का संदेश दिया जा रहा है। यह ग़ुब्बारा आम जानता को दूर से नजर आ रहा है, जिस पर स्लोगन लिखे हैं, जो जनता को आकर्षित कर रहे हैं।

**सतर्कता : अधिकांश कार्यालयों में आगजनी की घटनाओं पर काबू पाने के नहीं हैं इंतजाम**

# अधिकांश शासकीय कार्यालयों में अग्निशमन यंत्र नहीं, जहां हैं, वहां भी न जांच, न रिफिलिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

अकस्मात आगजनी की घटना पर काबू पाने शासकीय कार्यालयों में अग्निशमन यंत्र लगाया जाना अनिवार्य है। इसके निर्देश शासन स्तर पर सभी विभागों को दिए गए हैं। लेकिन, जिले का सरकारी अमला इस आदेश के परिपालन को लेकर कहीं गंभीर नहीं है। स्थिति यह है कि गिनती के कार्यालयों को छोड़कर अग्निशमन यंत्र कहीं दिखाई नहीं पड़ रहे हैं।

गौरतलब है कि शासकीय दफ्तरों, शैक्षणिक संस्थानों व स्कूलों में अग्निशमन यंत्र रखने वह मेंटेनेंस करने का आदेश सुप्रीम कोर्ट ने जारी किया है। शासकीय दफ्तरों के अलावा स्कूलों में यह यंत्र लगाना अनिवार्य कर दिया गया है। आग बुझाने के लिए दफ्तरों में यंत्र जरूर लगाए गए हैं, लेकिन अधिकतर दफ्तरों में यह यंत्र केवल शोभा की वस्तु बनकर रह गई है। कई दफ्तरों में अग्निशमन यंत्रों की वर्षों से रिफलिंग नहीं हो पाई है, तो कई दफ्तर के जिम्मेदार इस यंत्र को कमरों के अंदर छुपा कर रखे हुए हैं। शासकीय दफ्तरों में अगर देखा जाए तो अग्निशमन यंत्र कहीं भी नजर नहीं आ रहे हैं। इससे प्रश्न यह उठता है कि क्या इतनी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी से शासकीय कार्यालय के विभागों के जिम्मेदार लापरवाही कर रहे हैं। जिस तरह से नजरअंदाज जिले के विभागों के अधिकारी कर रहे हैं, ऐसे में दफ्तर में आपातकाल के रूप में लगने वाली आग बुझाने के लिए अफरा-तफरी मच जाएगी। कई दफ्तरों में यह यंत्र केवल धूप फांक रहे हैं। जिम्मेदारों ने आज तक रिफिलिंग नहीं कराई। हद तो तब हो गई, जब देखा गया कि जिले के 90 फ़ीसदी शासकीय कार्यालय में अग्निशमन यंत्र ही नहीं हैं।



### स्कूल भी सुरक्षित नहीं

जहां अग्निशमन यंत्र लगा दिए गए हैं, वहां इसकी रिफिलिंग के लिए जिम्मेदारों के पास समय नहीं है ।सुप्रीम कोर्ट ने हर स्कूल में अग्निशमन यंत्र लगाना अनिवार्य कर दिया है। 5 साल पहले कई शिक्षण संस्थानों में स्कूल फंड से अग्निशमन यंत्र खरीदे गए। कई यंत्रों में एक्सपायरी डेट तक नहीं लिखी है। वहीं, कई स्कूलों के जिम्मेदारों ने अब तक यंत्रों को रिफिलिंग नहीं कराया है।

### थाने में भी पुख्ता इंतजाम नहीं

आगजनी से निपटने के लिए अग्निशमन यंत्र सबसे बेहतर उपाय माना जाता है। इसके अलावा प्राथमिक तैयारियों के तौर पर रेत की बाल्टी भी पुलिस थानों में रखे जाने का नियम है, लेकिन जिले के कुछ स्थानों पर इस तरह के कोई इंतजाम नजर नहीं आ रहे हैं। अधिकांश पुलिस थानों में अग्निशमन यंत्र दिखाई नहीं देते।

# तेज रफ्तार माजदा ने बाइक सवार को ठोका



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/कोदवा

थाना साजा क्षेत्र के ग्राम कोदवा में हुए सड़क हादसे में एक माजदा ने बाइक सवार को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में बाइक सवार बुरी तरह से गंभीर हो गया जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल कानाम जयंत वर्मा पिता सीता रामाधर वर्मा, 35 वर्ष ग्राम सूरुजपुरा है। बताया गया कि जयंत को माजदा क्रमांक सीजी 07 बीजे 0572 के चालक ने लापरवाहीपूर्वक गाड़ी चलाते हुए अपनी चपेट में ले लिया।

थाना प्रभारी ने बताया कि यह गाड़ी धमधा क्षेत्र से है। आपको बता दें कि बाइक सवार जयंत वर्मा कोदवा से बेरला की ओर जा रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार से माजदा वाहन अनियंत्रित होकर कोदवा हाई स्कूल के पास बाइक सवार जयंत को ठोकर मार दिया। भिड़ंत इतना जोरदार था कि माजदा बाइक सवार को घसीटते हुए रुकी। उसके बाद वाहन चालक फरार हो गया। इस घटना के दौरान प्रत्यक्षदर्शियों ने थाना साजा व सामुदायिक चिकित्सालय केंद्र साजा डायल 108 को सूचना दिया। साजा थाना प्रभारी राजकुमार साहू घटना स्थल पर पहुंचे और घायल जयंती को एम्बुलेंस से अस्पताल रवाना किया।

**ग्राम सैगोना में भाजपा के स्थापना दिवस पर हुआ कार्यकर्ता सम्मेलन**

# नेताओं की त्याग व तपस्या के कारण बड़ी पार्टी बन सकी है भाजपा : बघेल



हरिभूमि न्यूज. बेमेतरा/थान खमरिया

ग्राम सैगोना में भारतीय जनता पार्टी द्वारा पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर होली मिलन एवं कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुर्ग लोकसभा प्रत्याशी विजय बघेल थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री बघेल ने भाजपा के पूर्व नेताओं की त्याग तपस्या बलिदान के विषय में विस्तार से कार्यकर्ताओं को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 6 अप्रैल 1980 को पार्टी की स्थापना हुई। इस समय जो पौधारोपण किया गया, तब शायद किसी ने यह सोचा भी नहीं था कि कुछ सालों में यह इतना बड़ा पेड़ बनेगा। आज 17 राज्यों में भाजपा की सरकार है। हमारे पूर्वजों के बलिदान त्याग व तपस्या के कारण हमारी भारतीय जनता पार्टी बड़ा पेड़ बन सकी है और आज हम लोग अपने आप को सौभाग्यशाली समझ रहे हैं। प्रधानमंत्री की योजना के बारे में विस्तार से बताया और कार्यकर्ताओं से दुर्ग लोकसभा में भाजपा को प्रचंड बहुमत से विजय दिलाने की अपील की। उसके बाद साजा विधायक ईश्वर साहू ने होली मिलन कार्यक्रम में अपने विचार रखे।

### राष्ट्रवादी राजनीतिक दल है भाजपा : ओमप्रकाश

जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी ने सभा को संबोधित करते हुए बताया पार्टी की स्थापना 1980 को हुई थी। जनसंघ से निकली बीजेपी आज दुनिया की लोकप्रिय पार्टियों में शुमार है। भारतीय जनता पार्टी एक राष्ट्रवादी राजनीतिक दल है, जो भारत को एक सुदृढ़ शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में विश्व पटल पर अंकित किया गया। पार्टी कोई सत्ता सुख भोगने के लिए पार्टी का गठन नहीं किया गया है या निस्वार्थ जनता की सेवा करने के लिए पार्टी का गठन किया गया है। उन्होंने कहा कि इस पार्टी प्रदेश के हर नागरिक को भरोसा है हमें इस बार भी चुनाव में लोकसभा के लोकप्रिय प्रत्याशी विजय बघेल को प्रचंड बहुमत से विजय दिलाना है। इस अवसर पर खमरिया मंडल अध्यक्ष पुन्नी तोरण यादव पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि राजेश ठाकुर वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल सिंघानिया मंडल उपाध्यक्ष युवराज साहू बसंत साहू दुखी साहू देवेंद्र सिंह प्यारेलाल सिंह राजेश राजपूत राजकुमार साहू डॉक्टर लव पटेल विक्रम साहू रोशन पुरी गोस्वामी जोगुरम पटेल रमेश वर्मा मुनेश पटेल सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# एसपी ने आधी रात किया चंदनू थाना का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा





पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू शनिवार देर रात जिले के थाना चंदनू में आकस्मिक निरीक्षण करने पहुंचे। एसपी के देर रात अचानक थाने पहुंचने के बाद उन्होंने अधिकारियों व जवानों को आमजन, महिला आगंतुक व रिपोर्टकर्ता से संयमित व्यवहार करने एवं उनकी रिपोर्ट को गंभीरता से लेते हुये तत्काल उचित कार्यवाही करने की जहां हिदायत दी।

वहीं रात्रि में गस्त, पेट्रोलिंग, काम्बिग गस्त सुदृढ कर चोरियों एवं अपराधों पर अंकुश लगाने का निर्देश दिया। एसपी ने सभी अधिकारियों व जवानों को कहा वे अपने क्षेत्र में मजबूत सूचना तंत्र विकसित कर बेहतर पुलिसिंग करें। इसके अलावा उन्होंने अपने आकस्मिक निरीक्षण के दौरान उपस्थित अधिकारी/कर्मचारियों का मनोबल बढाये जाने के साथ कानून व सुरक्षा व्यवस्था को बनाये रखते हुए बेहतर पुलिसिंग के बारे में निर्देश देते हुए लंबित संमंस, लंबित वारंट व ऑपरेशन ईगल अभियान चलाकर स्थायी वारंट की तामिली किये जाने तथा अधिक से अधिक प्रतिबंधात्मक एवं माइनर एक्ट के तहत कार्रवाई करने किए जाने के साथ-साथ थाना प्रभारी को अवैध कारोबारियों, अवैध शराब, जुआ, सट्टा, गांजा, नशीली दवा एवं अन्य अवैध कार्यो में लिप्त लोगो के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान थाना चंदनू प्रभारी उप निरीक्षक यशवंत जंघेल एवं अन्य अधिकारी, कर्मचारीगण उपस्थित थे।

### भाजपा का विधानसभा स्तरीय व्यापारी सम्मेलन आज

**गुण्डरदेही।** भारतीय जनता पार्टी विधानसभा गुण्डरदेही का विधानसभा स्तरीय व्यापारी सम्मेलन 8 अप्रैल को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक गुण्डरदेही में आयोजित किया गया है। जिले के तीनों विधानसभा के व्यापारी प्रकोष्ठ के प्रभारी प्रमोद जैन ने बताया कि सम्मेलन मे मुख्य रूप से पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रेमप्रकाश पांडे, पूर्व विधायक एवं प्रदेश संयोजक व्यापारी प्रकोष्ठ लाभचंद बाफना, जिला भाजपा अध्यक्ष पवन साहू, कांकेर लोकसभा के सह प्रभारी यशवंत जैन, सह संयोजक यज्ञदत्त शर्मा, पूर्व विधायक प्रीतम साहू, विधायक वीरेंद्र साहू के आलावा प्रदेश जिला व मंडल के पदाधिकारी उपस्थित रहेगे, जैन ने भाजपा के समस्त कार्यकर्ता गुण्डरदेही विधानसभा के सभी व्यापारियों को सम्मेलन मे शामिल होने अपील की है।

**शासकीय प्राथमिक शाला जामगांव में हुई अंगना म शिक्षा 4.0 की बैठक**

# बच्चे जब मां के साथ पढ़ते हैं, तो आसानी से सीखते हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- नवाचारी शिक्षिका ने मार्च माह में की जाने वाली गतिविधियों की दी जानकारी

शासकीय प्राथमिक शाला जामगांव विकासखण्ड बेरला में अंगना म शिक्षा 4.0 की मार्च माह की बैठक आयोजित की गई। जिसमें कक्षा पहली और दूसरी में पढ़ने वाले बच्चों की माताओं को मार्च माह में जाने वाली गतिविधियों के संबंध में शाला की नवाचारी शिक्षिका सावित्री साहू ने जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मां बच्चों की प्रथम गुरु होती है और घर परिवार ही बच्चों की प्रथम पाठशाला होती है। साथ ही साथ बच्चे अधिकांश समय अपनी माताओं के साथ ही गुजारते हैं। बच्चे जब अपनी माता को शामिल कर अध्ययन करते हैं, तो उन्हें सीखने में आसानी होती है। बच्चे बिना किसी भय के अपनी बातों को अपने पालकों से साझा करते हैं। माह मार्च की गतिविधियों को कराने से पहले माताओं से पहले की दो माह जनवरी और फरवरी की गतिविधियों के बारे में फीडबैक लिया गया। जिसमें बम्लेश्वरी बाई और हीरा बाई के द्वारा बताई गई कि उक्त सभी गतिविधियों को जब उन्होनें अपने घरों में अपने बच्चों के साथ मिलकर की तो बच्चों को सीखना आसान हो गया है और अब बच्चों को ठीक से पढ़ना लिखना भी आ रहा है। गणित गतिविधियों से बच्चे आसानी से संख्यों की पहचान कर पा रहे हैं और जोड़ने व घटाने में आसानी हो रही है। पूर्णिमा यादव के द्वारा बतलायी गई कि अब बच्चों के साथ वह रोज चित्रों को लेकर चर्चा करती है और आस-पास की चीजों के बारे में भी अपने बच्चों को बताती हैं।



### रिंग फ़ंसाओ नाम बताओ गतिविधि

मार्च माह में भाषायी गतिविधि रिंग फ़ंसाओ नाम बताओ की गतिविधि माताओं से कराई गई। जिसमें अपने आस-पास की छोटी-छोटी वस्तुएं जैसे कटोरी, चम्मच गिलास, माचिस के डिब्बा, आदि चीजों को रिंग में फंसाना है और बच्चों से उसके बारे में बातें करनी है। साथ ही साथ वस्तु के नाम को भी बच्चों से लिखवाना है और नहीं लिख पाने की स्थिति में बच्चों को लिख कर दिखाना है और सिखाना है।

### गोटा खेल के बताए लाभ

गणित गतिविधि में गोटा का खेल माताओं को खिलाया गया। इसमें बच्चों को अपने माताओं द्वारा दो पारी में खेली गई और जीती गई गोटों की संख्याओं को जोड़कर बताना है। साथ में लिखकर अपनी माताओं को बतानी है। साथ में गुणा सिखाने के लिए समान संख्या समूह बनाने की अवधारणा को भी माताओं को बताया गया। उन्हें बताया गया कि इससे बच्चों को पहाड़ा बनाने में आसानी होगी। बैठक में भाग लेने वाले पालकों में लक्ष्मी साहू, मधु साहू, मुखित विश्वकर्मा, नीरा यादव, संतोषी साहू, रामेश्वरी साहू, द्रोपती साहू, नूतन साहू, लीला बाई, चंद्रप्रकाश, दुर्गा यादव संस्था के प्रधान पाठक जसपाल साहू सहायक शिक्षक सुरेंद्र पाल यादव संतोष साहू शामिल रहें।


## पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

**खबर संक्षेप**

### वाहन चोर गिरफ्तार

**भिलाई।** दो पहिया वाहन चोरी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि सुपेला, छावनी, जामुल, भिलाई तीन, मोहन नगर, दुर्ग कोतवाली थाना क्षेत्र में दो पहिया वाहन चोरी हुई थी। शिकायत के बाद पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी रही। सूचना पर पुलिस ने कोडिया रोड कुम्हारी निवासी लक्ष्मण बारले जामुल थाना क्षेत्र में वाहन को बेचने की फिराक में ग्राहक की तलाश में घूम रहा था। आरोपी लक्ष्मण को पुलिस ने घेराबंदी कर गिरफ्तार किया। उसके पास से 6 बाइक और 4 एक्टिवा वाहन को जप्त किया गया है। उक्त वाहनों की कीमत 8 लाख रुपए आंकी गई है।

### आईपीएल सट्टा खिलाते तीन सटोरिए गिरफ्तार

**रायपुर।** पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में ऑनलाइन सट्टा संचालित करते तीन सटोरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार मौदहापारा थाना क्षेत्र में मोबाइल से ऑनलाइन आईपीएल सट्टा खिलाते अभिषेक गोयल को गिरफ्तार किया गया है। इसके अलावा सरस्वती नगर पुलिस ने आशु शर्मा तथा मुकेश राव को सट्टा खिलाते गिरफ्तार किया है। दोनों युवक घर की छत से सट्टा संचालित करते पकड़े गए।

### भाजपा सबसे बड़ी पार्टी, जिसके करोड़ों सदस्यः सांसद विजय



**भिलाई।** भाजपा जिला कार्यालय प्रियदर्शिनी परिसर सुपेला भिलाई में भारतीय जनता पार्टी 44वें स्थापना दिवस मनाया गया। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी दीनदयाल उपाध्याय जी के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर मनाया गया। दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि भाजपा के 44वें स्थापना दिवस मनाया जा रहा है। सन 1994 में भाजपा के दो सांसद हुआ करते थे। अटल बिहारी वाजपेई प्रधानमंत्री पद पर छः साल रहे। उनके कार्यकाल में बहुत से कार्य हुए। हम सभी अपना छत्तीसगढ़ राज्य मिला। उनके अधूरे कार्यों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूरा कर रहे है।

# पीएससी पेंड्रावन में गायब मिले फार्मासिस्ट, रिकार्ड भी नहीं मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

स्वास्थ्य विभाग के अधीन केन्द्रों में लगातार लापरवाही सामने आ रही है। शनिवार को सीएमएचओ के दबिश के दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पेंड्रावन में मरीजों और दवाईयों का रजिस्टर में जानकारी नही पाई गई। अस्पताल से फार्मासिस्ट गायब रही, वही यहां गंदगी का भी आलम पाया गया। जिस पर सीएमओ ने प्रबंधन को जमकर फटकार लगाई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ जेपी मेश्राम की अगुवाई में शनिवार को निरिक्षण किया गया। इस दौरान आदर्श आचार निर्वाचन को ध्यान में रखते हुए सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को अपने निर्धारित समय एवं मुख्यालय में रह कर कार्य का संपादन करने कहा गया। ग्रीष्म ॠतु को ध्यान में रखते हुए सभी संस्थाओं ओआरएस कॉर्नर बनाने एवं समस्त राष्ट्रीय कार्य एनसीडी, टीकाकरण, डाटा एंट्री ऑपरेटर को समय पर पूर्ण करने के लिए कहा गया। मलेरिया फाइलेरिया कुष्ठ, टीबी के कार्य में प्रगति लाने सभी संस्थाओं में अनिवार्यता निरीक्षण पंजी, मुवमेंट रजिस्टर का संधारण करने कहा गया। इस दौरान सीएमएचओ डॉ जेपी मेश्राम, कार्यक्रम नोडल अधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, सीपीएम, बीपीएम एवं कंसलटेंट की टीम गठित एचडब्ल्यूसी महमरा, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खुरसुल, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नगपुरा, एचडब्ल्यूसी हिर्री, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बोरी, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पेनड्रावन भ्रमण किया गया।

**सीएमएचओ की टीम ने स्वास्थ्य केन्द्रों में दी दबिश, मिली कई खामियां**

#### बोरी में भी मिली खामियां

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पेनड्रावन में अनियमितता पाई गई। यहां निर्धारित टारगेट से प्रसव बहुत कम पाया गया। वहीं सफाई का अभाव, दवाई का भंडारण सही नहीं पाया गया। फार्मासिस्ट उपस्थित नहीं थी, लैब में रजिस्टर नहीं पाया गया। जिससे मरीजों के बारे में जानकारी नहीं भी दर्ज नही था। वही बोरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के फार्मासिस्ट को एक माह की सैलरी रोकने एवं प्रभारी अधिकारी को नोटिस देने के लिए खंड चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए गए।



#### कलेक्टर ने भी पकड़ी थी गड़बड़ी

कलेक्टर सुश्री ॠचा प्रकाश चौधरी द्वारा तीन अप्रैल को रिसाली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में समय का ध्यान न रखने और देरी से काम पर आने वाले कर्मचारियों पर उन्होंने नाराजगी जताई थी। उन्होने समय पर नहीं आते उन्हे नोटिस जारी कर आवश्यक कार्यवाही करने कहा था। उन्होने एक्सपायरी दवाईयों तुरंत हटाने के निर्देश दिए थे। वहीं उतई के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भी चिकित्सक अनुपस्थित पाए गए थे। उन्होंने अनुपस्थित चिकित्सकों पर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

**अपराध :** आरोपी युवक गैंगस्टर के निकले रिश्तेदार

# गैंगस्टर तपन के वाहन की रेकी चार युवकों को पुलिस ने दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

गैंगस्टर तपन सरकार को सेंट्रल जेल दुर्ग से जगदलपुर जेल में शिफ्ट करने के दौरान उसकी रेकी की जा रही थी। पुलिस की नजर पड़ी तो इन युवकों को धर दबोचा। पकड़े युवक गैंगस्टर तपन के रिश्तेदार निकले। सेंट्रल जेल दुर्ग में एसपी की टीम की दबिश के बाद गैंगस्टर तपन सरकार को न्यायालय से जगदलपुर जेल में शफ्टि करने का आदेश जारी हुआ था। उसके बाद पुलिस सुरक्षा व्यवस्था के साथ तपन को वाहन में सड़क मार्ग से जगदलपुर ले जाया जा रहा था। इस दौरान जेल वाहन का पीछा चार पहिया वाहन में सवार चार व्यक्ति कर रहे थे। चारों आरोपियों को कुछ समय के लिए कांकेर थाने में रोका गया और दुर्ग की क्राईम टीम को चारों को पुलिस ने सौंपा। दुर्ग जेल से सेंट्रल जेल जगदलपुर ट्रांसफर करने के दौरान तपन सरकार जिस वाहन में था। उस वाहन का एक काले रंग का पश्चिम बंगाल पासिंग नंबर वाहन पीछा कर रहा था। जेल वाहन में शामिल कर्मियों को शंका हुआ। इसकी जानकारी पुलिस के अफसरों को घटना की जानकारी दी। अफसरों के नर्दिश पर कांकेर थाना के पास जेल वाहन रूका और पीछा कर रहे वाहन को भी पुलिस ने रोका। उनसे पूछताछ करने पर कार सवार चारों युवकों ने अपना नाम विप्ला उर्फ बेन्टू सरकार, मनीष दुबे, अमित सरकार ,अंकित सिंह सभी मोहन नगर दुर्ग बताया है। चारों आरोपियों को क्राईम ब्रांच के एएसआई की टीम ने चारों को दुर्ग लेकर आई है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर ॠचा प्रकाश चौधरी और एसपी जितेन्द्र शुक्ला की टीम ने 27 मार्च की सुबहदुर्ग सेंट्रल जेल में दबिश दिया था। कार्रवाई के बाद जेल से कई आपत्तिजनक सामान भी मिले थे। जिसके बाद जेल के राउंड अप ऑफिसर अशोक साव को चक्कर से हटाकर जेल के जेजे शाखा शिफ्ट कर दिया गया था। इसके अलावा तपन सरकार और नितिन लिम्बु उर्फ मुंकू नेपाली का जेल प्रशासन की ओर से जेल अधीक्षक मनीष संभाकर ने दुर्ग और राजनांदगांव के न्यायालय में जेल ट्रांसफर को लेकर आवेदन पेश किया गया था। जेल अधीक्षक ने न्यायालय में पेश होकर इनके लिए जेल ट्रांसफर का निवेदन किया था।

**जगदलपुर जेल शिफ्ट करते समय की घटना**






- कांकेर से क्राइम ब्रांच की टीम लेकर आई

रेकी करने वाले चारों युवक पुलिस की गिरफ्त में।

#### जिले के अपराधियों में खौफ

एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने जबसे जिला का कमान संभाला है। तबसे अपराधियों में पुलिस का खौफ दिखने लगा है। पुलिस जिले में लगातार अभियान चलाकर अपराध और अपराधियों के खिलाफ शिकंजा कसा जा रहा है। जिसके चलते कई बड़े अपराधी जिला छोड़ने में ही अपनी भलाई समझ रहें है। इसके अलावा जेल में दबिश देने के बाद गैंगस्टर, हिस्ट्रीशीटरों के खिलाफ पुलिस बड़ा अभियान चला रखा है। इसके अलावा लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस जिले की सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर ढंग निपटने की व्यवस्था में जुटी हुई है। जिले के भीतर हर आने जाने वाले वाहनों और संदिग्धों से लगातार चेकिंग भी किया जा रहा है।

#### वज्र वाहन कमजोर पड़ने पर बस से ले जाया गया

बताया जा रहा है कि ट्रांसफर आवेदन लगाने के बाद जेल अधीक्षक खुद कोर्ट में पेश हुए थे। उन्होंने तपन सरकार के जेल ट्रांसफर के लिए न्यायाधीश सुनीता टोप्पो के कोर्ट में उनके समक्ष अपना पक्ष रखा था। जिसके बाद न्यायाधीश ने तपन सरकार के जेल ट्रांसफर का आदेश जारी कर दिया। कोर्ट के आदेश के बाद तपन के जगदलपुर जेल भेजने के लिए वाहन लगाई गई। वज्र वाहन की सरकारी गाड़ी में सशस्त्र बल के साथ तपन को दुर्ग जेल से जगदलपुर के लिए रवाना किया गया। मगर वाहन काफी पुरानी और छोटी होने के कारण काफी धीरे चल रही थी। लंबे सफर के हिसाब से वाहन कमजोर थी। सूचना तत्काल पुलिस लाइन दुर्ग में दी गई। इसके बाद जिला अस्पताल में जब डॉक्टरी मुलाहिजा के लिए वाहन को रोका गया। तब उस वाहन को बदलकर सरकारी बड़ी बस में उसे सीधे जगदलपुर रवाना किया गया।

#### युवकों पर कार्रवाई

तपन को जब जेल शिफ्ट किया जा रहा था। तब जेल वाहन का पीछा करने वालो की सूचना पुलिस को मिली। तुरंत पुलिस ने जेल वाहन को कांकेर में रोक कर पीछे करने वालों को भी रोका गया। इसके बाद चारों से पूछताछ कर उनके खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है। अपराधियों के लिए जिले में कोई जगह नहीं।

**-जितेन्द्र शुक्ला,** एसपी दुर्ग

घटना खुर्सीपार थाना क्षेत्र की

# ट्रक कंडक्टर से लूटपाट करने वाले तीन धरे गए



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

ट्रक कंडक्टर से लूट की वारदात को अंजाम देने वाले तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 392 के तहत जुर्म दर्ज किया है। घटना का खुलासा करते हुए एएसपी सुखनंदन राठौर व क्राइम एएसपी रिचा मिश्रा ने बताया कि ग्राम अमडिहा पोस्ट परसवार थाना बहरी जिला सिधी एमपी निवासी अंकित बंसल ट्रक कंडक्टर का काम करता है। अपने ड्राईवर रोहित पाण्डेय के साथ राजस्थान ट्रांसपोर्ट रावण बलौदाबाजार से ट्रक सीजी 04 पी.क्यू, 7468 में सीमेंट लोड करके बालोद जा रहे थे। इस दौरान 3 अप्रैल की रात खुर्सीपार सिग्नल के पहले रूके। जहां ट्रक का हवा चेक कराया गया। उसके बाद अंधेरे मे पेशाब करने उतरे थे। तभी कुछ युवक अचानक आए और लूटपाट कर फरार हो गए। थे। जिसकी शिकायत खुर्सीपार पुलिस में किया था। पुलिस ने खोजबीन करने पर पता चला कि शिवाजी नगर खुर्सीपार गेट निवासी मुर्गेश नायर और उसका दोस्त खाने पीने का काफी सारा सामान साथी शिवाजी उडिया बस्ती में नीम पेड़ के नीचे रखे हुए थे। पुलिस ने उडीया बस्ती पहुंच कर घेराबंदी कर मुर्गेश समेत अन्य को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी मुर्गेश ने पुलिस को बताया कि लूट के रकम 7,200 रूपये क मोहितो उर्फ भूरू बंजारे, एचएससीएल कालोनी सडक 4 खुर्सीपार शेखर गुप्ता आपस में बांट लिए थे। इस कार्रवाई सीएसपी हरीश पाटील, डीएसपी क्राइम हेम प्रकाश नायक, में खुर्सीपार थाना प्रभारी वंदिता पनिकर समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

#### आरोपी मुर्गेश पर 22 अपराध दर्ज है

पुलिस ने बताया कि लूटपाट की वारदात को अंजाम देने वाला मुख्य आरोपी मुर्गेश नायर के खिलाफ जिले के विभिन्न थानों में 22 अपराध दर्ज है। इसके अलावा मोहित उर्फ भुरू बंजारे के खिलाफ थाने में 3 प्रकरण दर्ज है। पुलिस ने तीनों आरोपियों पर तब संदेह हुआ जब शराब पीने के लिए काफी सारा चखना सामने रख कर शराब पीने की तैयारी में जुटे थे। सूचना पर पुलिस ने तीनों को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया है।

3 हजार मिलियन क्यूबिक फीट पानी तादुंला जलाशय से छोड़ने का है निर्णय

# गर्मी में 600 तालाब भरे जा रहे, खम्हरिया माइनर बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

*भीषण गर्मी में निस्तारी संकट को देखते हुए जिले के 600 तालाबों को भरे जाने जलाशय से पानी छोड़ा गया है लेकिन दुर्ग भिलाई के तालाबों में पानी पहुंचा ही नहीं था और खम्हरिया माइनर नहर बंद कर दिया गया है। तांदुला जलाशय से दो दिनों तक ही इस माइनर के जरिए तालाबों में पानी भेजा गया था। अब यहां के नहर फिर से सूख गए हैं।*

#### तादुंला से 3 हजार मिलियन क्यूबिक फीट पानी है छोड़ना

तादुंला जलाशय से ही दुर्ग और बेमेतरा जिले के तालाबों के लिए पानी हर साल छोड़ा जाता है। दोनों जिले में 600 तालाबों भरने के लिए 3 हजार मिलियन क्यूबिक फीट पानी की डिमांड की गई है। लोगों की मांग के बाद सप्ताहभर पहले ही जलाशय से माइनरों के माध्यम से तालाबों के लिए पानी छोड़ा गया था। खम्हरिया माइनर से दुर्ग भिलाई के तालाबों को भरने के लिए दो दिन ही पानी जा पाया था और अब अचानक पानी देना बंद कर दिया।



#### हैंडपंपों का गिर गया है जलस्तर

तालाबों में हर साल पानी भरने से आसपास के हैंडपंपों का जलस्तर बढ़ जाता है। दुर्ग भिलाई के 16 तालाब भरे जाने हैं। इन दिनों हैंडपंपों का जलस्तर इतना नीचे चला गया है कि पानी नहीं निकल रहा है। तालाबों को भरने से जलस्तर सुधरेगा और लोगों को पानी संकट से काफी हद तक राहत मिल सकती है।

#### खम्हरिया माइनर का पानी इन तालाबों में है पहुंचता

तांदुला जलाशय से छोड़ा गया पानी खम्हरिया माइनर से होते हुए उतई, मरोदा, मरोदा टैंक, रिसाली, रूआबांधा तालाब पहुंचता है। रूआबांधा से कटकर सेक्टर एरिया होते हुए भिलाई खुर्सीपार एरिया और दुर्ग के तालपुरी, बोरसी क्षेत्र से गुजरता है। ठगड़ाबांधा से दीपकनगर दुर्ग, पोटिया, सिविल लाइन शीतला तालाब, सिकोला, शक्तिनगर तालाब आता है। वहीं बीएसपी से होते हुए डबरापारा, भिलाई तीन के आसपास तालाबों को भरा जाता है। यहां से जामुल, अहिवारा होते हुए धमधा तक पहुंचता है।

#### नहरों की नहीं सुधरी जर्जर हालत

जलाशयों से पानी हर साल छोड़ा जाता है। गर्मी के दिनों में तालाब भरने और रबी फसल के लिए भी किसानों को पानी दिया जाता है। नहरों के माध्यम से ही पानी दिया जाता है। नहरों की हालत काफी जर्जर है। इस जर्जर नहरों से हर साल पानी देने से सबसे ज्यादा पानी की बर्बादी गर्मी के दिनों में होती है। गर्मी के दिनों में जलाशयों में भी पानी कम होता है और पेयजल के लिए संरक्षित रखना पड़ता है। ऐसी स्थिति में जर्जर नहरों का संधारण बेहद जरूरी है। जल संसाधन विभाग द्वारा नहरों का संधारण करने के लिए दो साल से प्रस्ताव भेजा गया है लेकिन अब तक यह फाइलों में ही कैद रह गया है।

**नहरों की हुई औपचारिक सफाईः** गांव स्तर पर ग्राम पंचायतों को और शहरी क्षेत्रों में संबंधित नगर निगमों को नहरों की साफ सफाई करवानी थी। साफ सफाई तो करवाई गई है लेकिन कचरा अब भी नहरों में छूट गया है।

#### बालोद के पास ब्रिज निर्माण

तांदुला जलाशय बालोद से यहां के तालाबों के लिए पानी छोड़ा गया था। इस दौरान बालोद के पास ब्रिज निर्माण का कार्य होने की वजह से पानी छोड़ना बंद कर दिया गया है। हमने जल्द ही पानी नहरों में फिर से छोड़ने चर्चा की है। एक- दो दिन में पानी तादुंला जलाशय से छोड़ दिया जाएगा।

**सुरेश कुमार पांडेय,** ईई जल संसाधन विभाग दुर्ग

# पुलिस जवानों ने निकाला शहर में फ्लैग मार्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

विगत दिवस कला मंदिर सिविक सेंटर भिलाई में आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 की तैयारी को लेकर जिला एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई।

संभागायुक्त एसएन राठौर ने पुलिस एवं प्रशासन व्दारा चुनाव की अब तक की गई तैयारियों की समीक्षा कर आदर्श आचार संहिता का गंभीरतापूर्वक पालन सुनिश्चित किये जाने, मतदाताओं को मतदान के लिये जागरूक करने, शांतिपूर्वक एवं निष्पक्ष चुनाव कराने के लिये अधिकारियों को अग्रिम शुभकामनाएं दी। बैठक के उपरांत जिला एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारियों व्दारा सैकड़ों पुलिस अधिकारियों एवं जवानों के साथ शांतिपूर्ण चुनाव सम्पन्न कराने के लिए आम नागरिकों व्दारा बिना किसी भय के मतदान करने हेतु जागरूक करने के उद्देश्य से फ्लेग मार्च निकाला गया। फ्लेग मार्च के पूर्व रामगोपाल गर्ग पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज व्दारा फ्लेग मार्च के उद्देश्य से सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को अवगत कराया। फ्लैग मार्च कलामंदिर से होते हुये ग्लोब चौक, सेक्टर-09 अस्पताल तिराहा, 32 बंगला तिराहा, व्हाई शेप ब्रिज से होते हुये दुर्ग क्षेत्र के लगभग सभी मोहल्लों में फ्लेग मार्च किया गया। इस अवसर पर संभागायुक्त एसएन राठौर, पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज रामगोपाल गर्ग, कलेक्टर सुश्री ॠचा प्रकाश चौधरी, पुलिस अधीक्षक दुर्ग जितेन्द्र शुक्ला, एडीएम अरविन्द एक्का, जिला पंचायत के सीईओ अश्वनी देवांगन आदि उपस्थित थे।

# कर्मा जयंती पर राजेन्द्र ने की पूजा-अर्चना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

आज कर्मा जयंती के अवसर पर दुर्ग लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी राजेन्द्र साहू ने विभिन्न स्थानों में समाजिकजनों से मुलाकात की है।

- त्याग, भक्ति, समर्पण की देवी है मां कर्मा





राजेन्द्र साहू दुर्ग, भिलाई, अहिवारा, दुर्ग ग्रामीण विधान सभा के विभिन्न स्थानों में आयोजित भक्त माता कर्मा जंयती पर पूजा अर्चना में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान राजेन्द्र साहू ने माता कर्मा की भगवान श्री कृष्ण की अनन्य भक्ति की बात कही, उन्होंने कहा कि, माता कर्मा भक्त शिरोमणी सेवा, त्याग, भक्ति समर्पण की देवी हैं। परम आराध्य साध्वी भक्ति शिरोमणी मां कर्मादेवी देश-विदेश में सर्व साहू तेली समाज की आराध्य देवी कर्माबाई की गौरव गाथा जन-जन के मानस में श्रद्धा भक्ति के भाव से विगत हजारों वर्षो से चली आ रही है। कार्यक्रम में साहू समाज के पोषण साहू कुंती साहू, लिखन साहू, मनीष साहू लक्ष्मण साहू योगेन्द्र नाथ साहू टिकाराम साहू छोटू साहू तिजूराम साहू टीकाराम साहू केवल साहू जीवन लाल साहू, कौशल साहू, नीलकमल साहू, खिलावन साहू, नरेश साहू, प्रेम साहू, मुकेश साहू, ईश्वर साहू, गिरवर साहू, रामजी लाल साहू, मनीष साहू, नाथूलाल साहू सहित अन्य थे।

#### 10 को पूर्ण मतदान के लिए ली जाएगी शपथ

**दुर्ग।** 10 अप्रैल को जिला दुर्ग में आधी आबादी की पूरी है तैयारी को चरितार्थ करने जिले के सभी आंगनबाड़ी, सेक्टर कार्यालय, परियोजना कार्यालय एवं जिला स्तर पर खालसा स्कूल में मातृ शक्ति द्वारा व शत-प्रतिशत मतदान हेतु संकल्प लिया जाएगा ।

**अपडेशन नहीं होने के कारण रूकी टैक्स की वसूली**

# स्पैरो के 80 लाख कमीशन पर तलवार, डाटा का चल रहा मिलान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

वित्तिय वर्ष की शुरूआत होने के बाद भी नगरनिगम को स्पैरो कंपनी द्वारा राजस्व वसूली का डाटा नही दिए जाने के चलते करीब 80 लाख रूपए के कमीशन पर तलवार लटक सकती है। हांलाकि अफसरों का दावा है कि, डाटा मिल गया है। जिसके बाद अपडेशन का कार्य किया जा रहा है। लेकिन वर्तमान में नई वित्तिय वर्ष शुरू होने के बाद भी प्रक्रिया शुरू नही हो पाई है।

उल्लेखनीय है कि, स्पैरो साफ्टेक के टेंडर की अवधि विगत 31 मार्च 2024 को समाप्त हो चुकी है। बहरहाल वसूली की पूरी जिम्मेदारी नगरनिगम के राजस्व अधिकारियों के उपर है। एक अप्रैल से टैक्स वसूली शुरू हो जाना था। लेकिन अब तक इसलिए शुरू नही हो सकी हैं, क्योंकि कंपनी द्वारा दिए गए डाटा को साफ्टेयर में अपडेशन किया जा रहा है। इसके लिए पन्द्रह दिन का समय लगने की बात कही जा रही है। ऐसे में टैक्स जमा करने वाले वापस निगम से लौट रहे है। वही दो दर्जन राजस्व कर्मचारी होने के बाद भी निगम वसूली कार्य कराने के बजाय लाचार हो गया है। उच्च अधिकारियों का कहना है कि, अपडेशन का कार्य पहले ही कर लिया जाना था। लेकिन निगम प्रशासन द्वारा बरती गई चूक के चलते पन्द्रह दिन का समय लग सकता है। आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने बताया कि, कंपनी द्वारा डाटा उपलब्ध करा लिया गया है। करीब 80 लाख रूपए कमीशन सहित अन्य मद की राशि है। डाटा मिलान के बाद आगे निर्णय लिया जाएगा। बहरहाल पिछले पांच साल के कमीशन को निगम प्रशासन द्वारा कंपनी को भुगतान नही किया गया है। हर साल वसूल किए गए करीब दस फीसदी राशि को पिछले पांच साल से रोका गया है। निगम प्रशासन द्वारा वर्तमान में डाटा का मिलान किया जा रहा है। पूरी तरह से हिसाब किताब मिलने के बाद ही कंपनी को भुगतान किए जाने की तैयारी है।




#### पहले कई मामले इसलिए भी सवाल

शहर के वार्ड क्रं. 9 में एक प्रकरण में कुल 20,675 रूपए टैक्स निर्धारित किया गया। स्पैरो कम्पनी के कर्मचारियों ने असिसमेंट को दरकिनार कर प्रापर्टी धारक से महज 9,129 रूपए वसूले। वार्ड क्रं. 43 में महाराजा चौंक के पास स्थित प्रापर्टी का असिसमेंट हुआ, तो भवन का सम्पत्तिकर 52 हजार से ज्यादा निर्धारित किया गया। शिकायत के बाद जांच हुई तो टैक्स की राशि बढ़कर 1 लाख रूपए से ज्यादा निकली। इसी तरह वार्ड क्रं. 9 में पुसऊ राम चंद्राकर की सम्पत्ति का असिसमेंट कर 68,016 रूपए टैक्स निर्धारित किया गया, लेकिन कम्पनी के कर्मचारियों से महज 19,283 रूपए बतौर टैक्स जमा करवाया। इस तरह स्टेशन रोड, बोरसी रोड जैसे मामले आ चुके है। इसके आलावा मामला पुलगांव वार्ड 55 से संबंधित था। बीटोबेको कार्पोशन की प्रॉपर्टी टैक्स की आईडी 5500683 वार्ड 2005-06 से वर्ष 2021-22 तक प्रॉपर्टी टैक्स 6,11884 रु. का डिमांड जारी किया गया था। जिंसमे समेंकितकर यूजर चार्ज एवं शिक्षा उपकर शामिल था। उसी दिवस 1 लाख 07 हजार 402 रु. नगर निगम एजेंसी द्वारा वसूल की गई। इसमें आयुक्त द्वारा जांच समिति का गठन किया गया था। जिसमें स्पैरो एजेंसी को दोषी बतलाया गया था। इसकी शिकायत आप पार्टी के नेताओं ने भी की थी। लेकिन कार्यवाही नही हुई।

## खबर संक्षेप

### भाजपा सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं : ईश्वर

**परपोड़ी।** विधायक ईश्वर साहू ने रविवार को साजा विधानसभा के धमधा क्षेत्र में चुनाव प्रचार किया। उन्होंने अंचल के ग्राम सोनेसरार, तितिरघाट और मोतीनपुर में जनता के बीच जाकर शासन के जनहितकारी योजनाओं की जानकारी दी और भाजपा प्रत्याशी को विजयी बनाने का आग्रह किया। इसके साथ ही उन्होंने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार की योजनाओं की जानकारी देते हुए उन्हें प्रत्येक मतदाता तक पहुंचाने को कहा। इस दौरान श्री साहू के साथ पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन महिला समूह के होली मिलन में छलका उत्साह

**बेमेतरा।** वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन महिला समूह ने शनिवार शहर के निजी होटल में होली मिलन का कार्यक्रम आयोजन किया। कार्यक्रम में वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन महिला समूह की जिला अध्यक्ष शारदा तिवारी, शहर अध्यक्ष उमा ,उपाध्यक्ष रानी दुबे, सचिव कनक लता मिश्रा एवं सांस्कृतिक सचिव मंजू शर्मा सहित होली मिलन कार्यक्रम में शहर के ब्राह्मण परिवारों की महिलाएं उपस्थित रहीं। महिलाओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर एवं एक दूसरे पर फूल डालकर फूलों की होली का आनंद लिया। इसके अलावा इस दौरान महिलाओं के मनोरंजन के लिए विभिन्न गेम का आयोजन किया गया था। इसमें महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। होली एवं खेल प्रतियोगिता के बाद पदाधिकारीयों व सदस्य महिलाओं ने स्वल्पाहार लिया। साथ ही सभी महिलाएं ने कहा कि कार्यक्रम एक प्रशंसनीय पहल है, आगे भी इसी तरह का आयोजन होता रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अनु दुबे, कीर्ति तिवारी, आशा तिवारी, संतोषी तिवारी, मनीषा, शशि, किरण तिवारी, नीलिमा तिवारी, करुणा तिवारी, अनु पांडे, शैल दीवान, सरोज तिवारी, वंदना तिवारी, लता मिश्रा आदि महिलाएं उपस्थित थीं।

### भाजयुमो ने घर-घर लगाया भगवा ध्वज

**बेरला।** विश्व के सबसे बड़े संगठन भारतीय जनता पार्टी के स्थापना पर दुर्ग लोकसभा के जिला बेमेतरा ब्लॉक बेरला के भिंभौरी मंडल के ग्राम तेलगा में भाजपा युवा मोर्चा के मंडल महामंत्री पोषन निर्मलकर के नेतृत्व में घर-घर संपर्क कर भाजपा ध्वज लगाकर जनता जनार्दन से भाजपा के लिए वोट मांगा। कमल फूल पर वोट डालने के लिए निवेदन किया व लोकसभा प्रत्याशी विजय बघेल को दूसरी बार भारी मतों से जिताने के लिए अपील किया। तीसरी बार मोदी सरकार बनाने में सहयोग करने का निवेदन किया। इस अवसर पर ग्राम के उपसरपंच नरहर निर्मलकर ने सबको देश को विकसित भारत बनाने के लिए भाजपा को जिताने के लिए निवेदन किया। युवा मोर्चा के मंडल उपाध्यक्ष रोहित वर्मा ने अब की बार 400 पार का, फिर एक बार मोदी सरकार का नारा लगाते हुए सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर नर्सिंग निर्मलकर, ऋषि निर्मलकर, इंदल विश्कर्मा, पूर्व सरपंच मेहतरू लहरी, लतेल वर्मा, नारद पाटिल, श्याम साहू, अरुण सारथी, संतु साहू, कुमार चौहान आदि लोग उपस्थित थे।

### बच्चों को शोर करने से मना किया तो हुई पिटाई

**बालोद।** घर के बाहर शोर मचाते हुए खेल रहे बच्चों को शांत करने के लिए कहने पर वृद्ध महिला की पिटाई कर दी गई। घटना देवरी थाना क्षेत्र के ग्राम नाहंदा की है। पीड़िता ने इसकी शिकायत पुलिस से की है। पुलिस के अनुसार गांव के नरबदीया बाई 4 अप्रैल के दोपहर करीबन 3 बजे अपने घर के पास गली चौरा पर बैठी थी। उस समय गांव के बच्चे गली में खेलते हुए चिल्ला रहे थे। बच्चों को शोर करने से उन्होंने मना किया। इस बात को लेकर पड़ोस के रहने वाली सवाना बाई व उसकी बहू सरिता बाई ने बच्चों को खेलने के लिये क्यों मना कर रहे हो, कहते हुए गाली गलौज करते हुए तथा मारपीट की। नरबदिया ने पुलिस को बताया कि सरिता बाई ने डण्डे से उसकी पिटाई की, जिससे उसके शरीर में चोटें आई हैं।


# आसमान में छाए बादलों ने दिलाई गर्मी से राहत, पांच डिग्री तक लुढ़का पारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले पूरे सहित अंचल में पिछले दो सप्ताह से जारी भीषण गर्मी के कहर से रविवार को राहत मिला। शहर में हुई हल्की बूंदाबांदी से तापमान 5 डिग्री नीचे चला गया। अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस रहा। आसमान में छाए बादल और नमीयुक्त हवाएं चलने से लोगों को भीषण गर्मी से काफी राहत मिली। वहीं मौसम विभाग ने मौसम में बदलाव होने, गरज-चमक के साथ हल्की वर्षा का अनुमान जताया है।

मौसम विभाग से जारी पूर्वानुमान के अनुसार रविवार को जिले बादल छाए रहे और हल्की नम हवा चलती रही। इससे लोगों को तेज धूप और भीषण गर्मी से आंशिक राहत मिली। वहीं आज 8 अप्रैल को कुछ स्थानों पर हल्की बारिश होने की भी संभावना जताई गई है। मौसम विभाग के अनुसार विदर्भ में बने एक द्रोणिक के असर से दो दिन बेमौसम बारिश का असर रह सकता है। सोमवार को जिले सहित प्रदेश के कई इलाकों में हल्की और मध्यम बारिश देखने को मिल सकती है। इस बारिश से कुछ दिन गर्म हवाओं से राहत मिल सकती है। उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ सप्ताह में दो से तीन बार बेमौसम बारिश के आसार बन चुके हैं अब फिर एक बार ऐसे ही सिस्टम अंचल में तैयार हो रहा हैं। हालांकि इस बारिश का अधिक असर तापमान में नहीं दिखेगा।

### रविवार को फिर बदला मौसम का मिजाज



#### आज हो सकती है बारिश

मौसम विभाग द्वारा जारी बुलेटिन के अनुसार एक द्रोणिक हवा की अनियमित गति पूर्वी विदर्भ से कोमरान क्षेत्र तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। बंगाल की खाड़ी से नमी आने की संभावना है। जिसके चलते सोमवार को एक-दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है।

## आयोजन : जिला भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं ने मनाया स्थापना दिवस

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने पितृ पुरुषों को दी श्रद्धांजलि, उनके योगदान को किया याद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला भाजपा कार्यालय में स्थापना दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने भारत माता की पूजा अर्चना करते हुए, श्यामा प्रसाद मुखर्जी, दीनदयाल उपाध्याय, अटल बिहारी वाजपेयी के तैलचित पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया।



इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा ने कहा कि आज भाजपा 2 सीटों से आगे बढ़ते हुए 303 सीटों पर आ गई है। वहीं, 2024 में 400 पार तक पहुंचेगी। ये सब कार्यकर्ता के कारण सम्भव होगा। आगे कहा एक चाय वाला भी पार्टी में रहकर प्रधानमंत्री बन गया। ये सम्भव है तो केवल भाजपा में। स्थापना दिवस कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता हर्ष तिवारी, नगर पालिका उपाध्यक्ष पंचू साहू, विकास तम्बोली, राकेश मोहन शर्मा, गौरव साहू, राजेश शर्मा, युगल देवाँगन, संतोष वर्मा, डेरहा देवाँगन, धर्मेंद्र साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने सभी सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि 2014 से पहले गरीबों के लिए दो वक्त की रोटी भी एक बड़ा संघर्ष था, लेकिन नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद बीजेपी सरकार ने गरीबों को घर, बिजली, गैस, शौचालय, बैंक अकाउंट व स्वास्थ्य बीमा देने के साथ-साथ मुफ्त राशन देकर उनको एक सुरक्षित और सम्मानित जीवन देने का काम किया। यह भारतीय जनता पार्टी के कारण ही सम्भव हो पाया। उन्होंने कहा कि कल तक जो भाजपा को दो सीटों की पार्टी बोल कर हंसी उड़ाते थे, वही पार्टी आज विश्व की सबसे बड़ी संख्या वाली पार्टी के रूप में जानी जाती है। उन्होंने कहा कि यह सब हमारी पार्टी के वरिष्ठ नेता ओर कार्यकर्ताओं की मेहनत ओर बलिदान से ही संभव हो सका है, जिनका आज के भाजपा कार्यकर्ता हमेशा ऋणी रहेंगे।

# साल्हेपुर विद्यालय में पांचवीं के बच्चों को दी गई विदाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शासकीय प्राथमिक शाला साल्हेपुर विकास खंड बेरला के अंतर्गत प्राथमिक शाला साल्हेपुर में कक्षा पांचवी के छात्र-छात्राओं को विदाई दी गई।

इस अवसर पर प्रधान पाठिका अंबालिका पटेल ने सभी बच्चों को कम्पास, पेन प्रदान करने के साथ ही मिष्ठान वितरण किया। साथ ही उन्होंने गर्मी के मौसम को देखते हुए पानी बॉटल भेंट किया। उन्होंने सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य के कामना करते हुए शुभकामनाएं दीं। शाला की प्रधान पाठिका अंबालिका पटेल ने अच्छा पढ़ लिखकर माता पिता, अपने शिक्षक और गांव का नाम रोशन करने की बात कहते हुए बच्चों के उज्जवल भविष्य सहित शुभकामनाएं दी और कहा कि विद्यार्थी जीवन अनुशासित जीवन होता है। अनुशासन ही विद्यार्थी व देश को महान बनाता है। अनुशासन ही सफलता का मूलमंत्र है।


प्रधान पाठिका अंबालिका पटेल ने कहा कि विदाई आप लोगों के उज्जवल भविष्य का मार्ग प्रशस्त कर रहा है। यही समय है कि हम अच्छे और बुरे में अंतर करें और अच्छे, जिम्मेदार नागरिक बनने की सीख दी। साथ ही शिक्षक डागेंद्र निषाद ने भी बच्चों को आशीर्वाद प्रदान करते उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर बच्चों के द्वारा एक्शन, गीत, संगीत, डांस इत्यादि कार्यक्रम भी किए गए।

#### जांच व कार्रवाई की मांग को लेकर दिया आवेदन

# उपसरपंच पर अवैध कब्जे का आरोप पूर्व सरपंच ने कलेक्टर से की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

समीपस्थ ग्राम पंचायत बिटाल की पूर्व सरपंच गंगाबाई आर्य ने जिला कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल सहित छत्तीसगढ़ शासन के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के अलावा संबंधित जनप्रतिनिधि, अधिकारियों को शिकायत पत्र प्रेषित कर उप सरपंच बलवंत साहू पर अवैध कब्जा करने का आरोप लगाते हुए कड़ी कार्रवाई कर अवैध कब्जा हटाने की मांग की है।



इसके साथ ही उन्होंने आगामी दिनों में उग्र आंदोलन किए जाने की बात कही है। शिकायतकर्ता गंगाबाई आर्य ने बताया कि ग्राम पंचायत बिटाल के उपसरपंच बलवंत साहू द्वारा शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा कर दो भवन का निर्माण किया जा रहा है, जो पूरी तरह अवैध है, अनुचित है। उक्त भूमि शासकीय भूमि है और शासकीय भूमि पर ग्राम पंचायत बिटाल के उप सरपंच के द्वारा दबंगई, दादागिरी दिखाते हुए शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा किया जा रहा है, जिसे लेकर दल्ली राजहरा एसडीएम श्री सोनकर के समक्ष प्रमाणित दस्तावेज प्रस्तुत कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। इसके साथ ही कार्रवाई नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

इस संबंध में अधिकारियों का कहना है किसी शासकीय भूमि पर अगर अवैध कब्जा या अवैध रूप से निर्माण किया जा रहा है, तो जांच कर उचित और कड़ी बड़ी कार्रवाई की जाएगी, चाहे वह कोई भी हो कितना भी प्रभावशाली हो।

#### शिकायत मिली, जांच के बाद होगी कार्रवाई

ग्राम पंचायत व बिटाल की पूर्व सरपंच गंगाबाई आर्य की शिकायत प्राप्त हुई है। शिकायत पर जांच चल रही है। जांच सही पाए जाने पर उपसरपंच बलवंत साहू के खिलाफ अवैध कब्जा को लेकर कार्रवाई कर अवैध कब्जा से मुक्त कराया जाएगा।

**- राम कुमार सोनकर,** एसडीएम।

#### उन्होंने नहीं किया कब्जा

शासकीय पद पर रहते हुए उन्होंने कोई भी शासकीय भूमि पर कब्जा नहीं किया। वे गरीब व्यक्ति हैं। पूर्वजों के द्वारा जिस भूमि पर कब्जा है, उसी पर वे अपना जीवन यापन निर्वाह कर रहे हैं। व्यक्तिगत दुश्मनी के कारण गंगाबाई आर्य शिकायत कर रही हैं।

**- बलवंत साहू,** उपसरपंच बिटाल।

## आमने-सामने हुई टक्कर में कार के परखच्चे उड़े ...




**परपोड़ी।** ग्राम गाडाडिह के आगे पावर प्लांट के पास दो गाड़ियों में भिडंत हो गई। माल वाहक गाड़ी क्र. सीजी.07. सीए .6662 परपोडी से कोलड्रींग खाली करके गंतत्व की ओर जा रही थी। विपरित दिशा से आ रही थी मारुती की सिआज गाडी क्रं. सीजी.07.डीपी 0270 कार के बीच टक्कर हुई है। हादसे में सिआज कार के परखच्चे उड़ गए। हादसे में कार चालक जयेश उर्फ बिट्टु साहू बुरी तर हसे घायल हो गया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामला दर्ज कर मालवाहक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर प्रकरण जांच में लिया है।

# विवाह में मेहमान उपहार नहीं नकद देंगे, कपड़ों के लेनदेन पर भी पाबंदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

प्रदेश साहू समाज द्वारा समाज में चल रही कई प्रथाओं एवं रूढ़िवादी परंपराओं को बंद कर नई परंपरा लागू की जा रही है। अब ग्रामीण साहू समाज द्वारा भी अपने ग्राम स्तर पर कई पुरानी परंपराओं को बंद कर खर्चीले, दिखावा वाले कई आयोजनों को बंद किया जा रहा है। ताजा उदाहरण ग्राम भर्रीगांव का है, जहां ग्रामीण साहू समाज द्वारा निर्णय लिया गया है कि ग्राम में होने वाली शादियों में आगंतुकों को कपड़ा नहीं दिया जाएगा। इस निर्णय से लड़का व लड़की पक्ष के लाखों रुपए बचेंगे। समाज ने यह भी निर्णय लिया है कि ग्राम में लड़का व लड़की का वैवाहिक संबंध तय होने पर सगाई जिसे फलदान भी कहते हैं, नहीं की जाएगी। इसके स्थान पर संबंध को अंतिम रूप देने के लिए उसका पंजीयन किया जाएगा एवं बंधन किया जाएगा। समाज के इस निर्णय से लड़का और लड़की पक्ष का फलदान में होने वाले लाखों रुपए की बचत होगी। भर्रीगांव साहू समाज में यह भी निर्णय लिया गया है कि विवाह में उपहार सामग्री नहीं दी जाएगी, इसके स्थान पर मेहमान नगद राशि दे सकेंगे। समाज ने निर्णय लिया है कि विवाह के दौरान बारात स्वागत दिन में ही किया जाएगा, संध्या काल या रात्रि काल में नहीं किया जाएगा। इससे बारात स्वागत के दौरान होने वाली परेशानियों से दोनों पक्षों को मुक्ति मिलेगी।

# नवलपुर शाला में हुआ न्योता भोज

हरिभूमि न्यूज बेमेतरा

ग्राम नवलपुर में संचालित शासकीय प्राथमिक शाला के बच्चों को संयुक्त रूप से न्योता भोज में दाल भात, सब्जी, खीर, पुरी, पापड़ व फल परोसा गया। इसमें बच्चों के साथ स्कूल के समस्त शिक्षकों ने साथ में बैठकर न्योता भोज का आनंद लिया। न्योता भोज का आयोजन नव पदस्थ पटवारी विजेंद्र कुमार वर्मा के द्वारा किया गया था। इस अवसर पर कक्षा पांचवी के छात्र-छात्राओं का विदाई समारोह भी आयोजित किया गया। इस मौके पर प्रधान पाठक महेंद्र कुमार शर्मा, शिक्षक योगेश साहू, रमाकांत ठाकुर, एवं शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अमित यादव व सरपंच प्रतिनिधि सुशील टंडन,अजीत साहू, विकास ध्रुव, हरि बांधे, उर्वशी वर्मा, पूर्णिमा सोनवानी, सुरेश टंडन, अनीता टंडन, राकेश टंडन, प्रीतम यादव, अर्जुन सोनवानी, रोहित साहू, अजय यादव, रसोईया केराबाई, अमरबाई व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।



## शासकीय प्राथमिक शाला छीतापार में हुआ विदाई समारोह

# पदोन्नत हुए शिक्षक टापेश्वर, दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शासकीय प्राथमिक शाला छीतापार में टापेश्वर देवांगन का सहायक शिक्षक से शिक्षक पद पर प्रमोशन होने पर विदाई एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष महेश रजक थे। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा अर्चना से की गई।



इस अवसर पर प्रधान पाठक गोपाल वर्मा ने बताया कि श्री देवांगन की प्रथम नियुक्ति छीतापार स्कूल में 7 अगस्त 2007 में हुई, वे बहुत ही सरल व्यक्तित्व की धनी थे। उनका अध्यापन कार्य बहुत ही रुचिकर रहता है। वे सभी कक्षा में गणित विषय को पढ़ाते थे। हर वर्ष वे पांचवी के बच्चों को नवोदय परीक्षा की तैयारी कराते थे। खेल कूद में भी बहुत रुचि रखते थे। खो-खो और कबड्डी की तैयारी बच्चों को कराते थे। पंचायत स्तर पर छत्तीसगढ़ी ओलंपिक खेल में इसका योगदान रहा। वह छीतापार स्कूल में निरंतर 17 वर्षों तक सेवा दी।

मुख्य अतिथि महेश रजक ने शिक्षक की प्रशंसा करते हुए कहा हमेशा अपने समय पर स्कूल आते थे और कक्षा में अध्यापन कार्य कराते हैं। गांव में सुख हो या दुख कार्यक्रम में शामिल होते थे। वह बहुत ही व्यवहार कुशल शिक्षक हैं, वे जहां भी रहें हमेशा सकुशल और स्वस्थ रहें, यही कामना है। कार्यक्रम में कृष्ण कुमार रजक पंच दिलीप आडिल पंच एक कुमार बंजारे रोजगार सहायक, उमा देवी पाटिल अध्यक्ष मितानिन एवं श्रीदेवी चंद देहरे प्राचार्य हाई स्कूल संतोष शर्मा पूर्व माध्यमिक शाला से हरीश शर्मा, पोखराम साहू, प्रधान पाठक मजगांव ठाकुर राम साहू, प्रधान पाठक सनकपाट टिकेश्वर साहू, नरेश वर्मा, शिक्षक धनेली लैनदास आडिल, नंदकुमार पाटिल, राकेश तिवारी, मोहन साहू शिक्षक आदि उपस्थित रहे। गोपाल राम वर्मा प्रधान पाठक छीतापार द्वारा टापेश्वर देवानंद को श्रीफल, शाल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।

